मैत्री समूह

# Chirping Sparrow

Year - 8, Issue - II, Oct.2010 - Mar. 2011

A Newsletter of Maitree Jankalyan Samiti



## पथ भूल न जाना

पथ भूल न जाना पथिक कहीं

पथ में कांटे तो होंगे ही
दुर्बादल सरिता सर होंगे
सुंदर गिरि वन वापी होंगे
सुंदरता की मृगतृष्णा में
पथ भूल न जाना पथिक कहीं।


जब कठिन कर्म पगडंडी पर
राही का मन उन्मुख होगा
जब सपने सब मिट जाएंगे
कर्त्तव्य मार्ग सन्मुख होगा
तब अपनी प्रथम विफलता में
पथ भूल न जाना पथिक कहीं।

अपने भी विमुख पराए बन
आंखों के आगे आएंगे
पग पग पर घोर निराशा के
काले बादल छा जायेंगे
तब अपने एकाकीपन में
पथ भूल न जाना पथिक कहीं।

–शिवमंगल सिंह सुमन

# PRIDE OF SOCIETY

### Yashwant K. Malaiya



Yashwant K. Malaiya is a Professor in Computer Science Department at Colorado State University. He has published widely in the field of Computer Science and Very Large Scale Integrated Circuits. A prodigy in academics, he received B.Sc. from Govt. Degree College, Damoh, and M.Sc. from University of Saugor and M.Sc. Tech. from BITS, Pilani in India. In 1978 he received Ph.D in Electrical Engineering from Utah State University.

He has won several accolades from IEEE and other reputed institutions. He has been awarded the Meritorious Service Award by the IEEE and has been appointed as Honorary Professor at premier institutes. He has been editor and reviewer to various international journals including IEEE Trans. Computers, IEEE Trans. Reliability and Software among dozen others.

He has written widely in the field of testing in internationally reputed journals and delivered guest lectures at many renowned universities and symposiums. He has also chaired many international symposiums and is a mentor and advisor to various engineering bodies. Despite his hectic schedule he manages a useful and large directory of Jain resources over the world-wide-web. He had created the very first web-site on Hindi language **(http://www.cs.colostate.edu/~malaiya/hindiint.html),** and one of the earliest websites with links to Jainism related resources **(http://www.cs.colostate.edu/~malaiya/jainhlinks.html).** He has been speaker at some of the biennial JAINA conventions in USA. He also founded the India Association of Northern Colorado at Fort Collins in 1998 and served as its first president. He is a strict follower of moral values and has written multiple articles about Jainism and Jain traditions. He currently lives in Colorado, United States of America and spends his time in research in Computer Science and Jainism.

**E-mail : malaiya@cs.colostate.edu**

## YOUNG ACHIEVERS



**Paridhi Jain, Bikaner**
B.E. Computers and Communication Engineering
GPA 9.28/10.0
1st Rank, Gold Medalist
Selected for Ph.D in IIT Delhi



**Praveen Jain, Hyderabad**
B.Com., Osmania University, 89.2%
Topper for 3 consecutive years
Charted Accountant PCC 58%



**Suchita Jain,Tikamgarh**
12th Science 95.8%, M.P. Board
State Rank 1 in Science Merit list
100% marks in Mathematics
Pursuing B.E. Hons. at BITS-Pilani

Chirping Sparrow
Year - 8, Issue - II

Chirping Sparrow is published by
**Maitree Jankalyan Samiti**
Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : maitreesamooh@hotmail.com, samooh.maitree@gmail.com
Website : www.maitreesamooh.com Mobile: 94254-24984

It is circulated to all Young Jaina Awardees and friends of **Maitree Jankalyan Samiti.**

# युवा पीढ़ी और धर्म



जीवन में यदि धर्म, दर्शन, अध्यात्म और विज्ञान की स्पष्ट छवि हमारे ह्दय में अंकित हो सके और हम अपने जीवन को अच्छा बनाने के लिए संकल्पित हो सकें तो यह श्रेष्ठतम उपलब्धि होगी। हमें यह जानकर गौरव होना चाहिए कि अहिंसा, करूणा और प्रेम हमारा धर्म है। सत्य के प्रति समर्पित होकर निरन्तर आत्म-विकास करना हमारा दर्शन है । आत्म संतोष और साम्य-भाव रखना हमारी आध्यात्मिक चेतना का मधुर स्वर है। श्रद्धा और सदाचार से समन्वित ज्ञान ही हमारा विज्ञान है। यह सच है कि आज वातावरण में अनेक विकृतियाँ और विषमताएँ हैं, पर इसके बावजूद भी हमारा कर्त्तव्य है कि हम अच्छा सोचें और अच्छा करें।

भौतिकता की चकाचौंध में रहकर भी हम अपनी असलियत पहचानें और स्वस्थ, संतुलित और मर्यादित जीवन जीने की कला सीखें। बढ़ती हुई भोगवादी विचार-धारा के बीच हम निःस्वार्थ सेवा और त्याग की भावना बनाए रखें। खान-पान और रहन-सहन में निरन्तर बढ़ते आडम्बर के बीच सादगी और शालीनता को बढ़ावा दें । देश में तेजी से फैलती हुई हिंसा, झूठ, चोरी, अश्लीलता और अंडा, मांस, शराब जैसी बुरी आदतों के बावजूद भी हम नैतिक और चारित्रिक रूप से सुदृढ़ बनें।

संयुक्त परिवारों के विघटन और सम्बन्धों के बीच बढ़ती हुई औपचारिकता के बावजूद भी हम परस्पर आत्मीयता और सम्बन्धों की मधुरता कायम रखें। धार्मिक आयोजनों, धर्मस्थलों और धर्मगुरूओं में निरंतर बढ़ते आडम्बर और प्रदर्शन के बावजूद भी हम धर्म की तर्कसंगत व वैज्ञानिक सही समझ विकसित करने के लिए प्रयत्नशील रहें।

उच्च शिक्षा के माध्यम से हम अपने जीवन को सहज, सरल और संदवेदनशील बनाएँ। हम श्रद्धावान और विनम्र बनें। हमारी सोच सकारात्मक हो, हमारी वाणी में मधुरता हो और हमारा जीवन परोपकारी व रचनात्मक कार्यो में संलग्न रहे। हम पढ़-लिखकर विदेशी मुद्रा के लालच में हिंसक उद्योग-धंधों को न अपनाएँ। बल्कि अपने देश, अपनी संस्कृति और धर्म की गौरवशाली परम्परा की प्रगति में योगदान दें। इस तरह अपनी गुणवत्ता के द्वारा अपने जीवन का श्रृंगार करें और आसपास पूरे परिवेश में मैत्री, प्रेम और सदाचार का सुखद संदेश फैलाएँ।

-मुनिश्री क्षमासागर

We must feel proud that our religion is based on non-violence, compassion and affection. Our philosophy is to attain self-enlightenment through continuous dedication to the path of truth. Melody of our spiritual conscience is to have self-satisfaction and equanimity. Knowledge based on firm faith and right conduct is our science.

It is true that today, the environment is full of many perversions and disparities, however, it is our duty to think good and do good for others. We must learn the healthy, balanced and disciplined art of living in this materialistic world. We should encourage simple and sober way of living despite the prevailing luxurious life style. We must refine our conduct and strengthen our moral values despite the prevalent practice of violence, vulgarity and the bad habits of drinking and eating non-vegetarian food. We must have intimate and cordial relations despite the fast disintegration of joint family system. We must endeavor to develop our understanding based on logic and scientific analysis even when there is a tendency for increased hypocrisy and unnecessary show off in religious functions, religious places and among religious preceptors.

The higher education should inculcate simple, easy and sympathetic values in our personality. We must be faithful and humble. We should think positive, speak sweet and engage in constructive activities. After higher education, we should not take up such vocations which involve violence in the greed of foreign exchange earnings, but contribute and devote for the development of our country, our culture and our religion. We should equip ourselves with these qualities and spread the message of friendship, affection and goodwill.

We are sure that you would follow one or more of the above virtues and achieve success. We wish you all the luck for all your endeavors.

-Muni Kshamasagar

# YOUNG ACHIEVERS 2010



**Rahul Jain, Bikaner**
10th CBSE 9.6/10



**Nikita Sahuji, Aurangabad**
10th Maharastra Board 92.18%



**Prateek Jain, New Delhi**
10th Class: 91.4%



**Manini Jain, Jodhpur**
12th CBSE Commerce 95.6%



**Sugam jain, Shivpuri**
12th CBSE Commerce 94%
CPT 60%



**Shreya Jain, Dimapur**
12th Commerce 92.5%
CPT1 76.5%



**Prachi Jain, Indore**
12th Commerce CBSE 92.4%
CPT1: 86%



**Siddharth Jain, Kota**
12th Science 81%
IIT-JEE, AIR - 1898



**Jashn Jain, Jodhpur**
12th Science CBSE 83.41%
IT JEE AIR 3475



**Ishita Jain, Obaidullaganj**
12th MP Board 88.2%
Admission in Law College



**Ankur Jain, Sonepat**
12th Science CBSE Board
90.2%



**Pradan Jain, Gadarpur**
12th CBSE Board 88.4%
AIEEE AIR: 17910



**Ankit Jain, New Delhi**
12th CBSE Board 88.6%



**Somya Jain, Bhopal**
BDS, Barketallah University
Bhopal 80.30%



**Sona Sethi, Jodhpur**
B.Tech. (Chemical Engg.)
BITS Pilani GPA: 7.68



**Swathi Jain, Secunderabad**
Chartered Financial Analyst
Masters in Financial Analysis



**Dinesh Kumar, Ambah**
M.Tech
( Automobile Engg.)



**Anubha Jain, Deori,Sagar**
Bachelor of Engineering
RGTU Bhopal 78.75%



**Tushar Nahata, Ratlam**
RGTU Bhopal,
P.hD in Pharmacy



**Chetana Dharaneppanavar, Hubli**
M.Sc.
(IT) KSOU, Mysore 74%,
PGDCA 79%



**Bhanu Jain, New Delhi**
MA in Elementary Education
GPA: B(4.38) First Division



**Suyash Jain, Indore**
10th CBSE 9.2/10



**Tarun Jain, Vijaipur**
12th Science, CBSE
Board 89.8%
IIT JEE AIR 2045



**Saral Jain, Vidisha**
12th MP board 90%
MPPET 465
Rank

# Young Achievers 2010



**Trapti Jain, Bangalore**
Post Graduation, M.Tech(IT)
Banasthali University 69.2%



**Tiny Jain, Jodhpur**
BDS 65.5%, Raj.
University of
Health Sciences



**Sanjeev Nahata, Ahemdabad**
Lyricist and Singer
Launched a
music album



**TellyJain, Jodhpur**
MBBS. Session Winner,
Best Research Paper Poster
Presentation, at 17th ISCOMS, 2010,
Groningen, Netherlands



**Aditee Mudholkar, Mumbai**
12th Maharastra
Board, 82.33%
AIEEE STATE
RANK 7527

**Sowmiya R**
**Chennai**
**12th Commerce**
**88.5%**
**Cleared CPT1**

**Sambhav Jain**
**Kanpur**
**12th ISCE**
**Board 85%**
**IIT JEE AIR 4411**

**Kritika Jain**
**Shivpuri**
**12th ICSE Board**
**Exam 91.00%**
**AIPMT AIR 9,**
**MP PMT 15**

**Akshay Jain**
**Nagpur**
**12th Science**
**90.0%**
**MHCET 158**
**Marks**

**Nikhil Jain**
**Gaya**
**12th CBSE**
**Science 90%**

**Abhilasha Jain**
**Sikar**
**12th Commerce**
**84%**

**Pooja Jain**
**Sagar**
**12th Science**
**MP Board**
**84.4%**

**Anusha Jain**
**Sagar**
**B.E.(Computer**
**Science)**
**RGPV UTD**
**Sagar 76%**

**Abhishek Jain**
**Narsapur**
**Graduation**
**B.Tech**
**(IT) (Andra**
**University) : 85%**

**Vaibhav Jain**
**Betul**
**Graduation**
**77.8%**
**Top 5 in college**


**Parth Badri Jain**
**Ahmedabad**
**10th CBSE**

**Sakshi Jain**
**Ujjain**
**12th CBSE**
**Science 90%**
**MPPET AIR 1383**



# You've got to find what you love

**Commencement address by Steve Jobs, CEO of Apple Computer and of Pixar Animation Studios, delivered on June 12, 2005 at Stanford University.**



I am honored to be with you today at your commencement from one of the finest universities in the world. I never graduated from college. Truth be told, this is the closest I've ever gotten to a college graduation. Today I want to tell you few stories from my life. That's it. No big deal. Just few stories. The first story is about connecting the dots. I dropped out of Reed College after the first 6 months, but then stayed around as a drop-in for another 18 months or so before I really quit. So why did I drop out? It started before I was born. My biological mother was a young, unwed college graduate student, and she decided to put me up for adoption. She felt very strongly that I should be adopted by college graduates, so everything was all set for me to be adopted at birth by a lawyer and his wife.

Except that when I popped out they decided at the last minute that they really wanted a girl. So my parents, who were on a waiting list, got a call in the middle of the night asking: "We have an unexpected baby boy; do you want him?" They said: "Of course." My biological mother later found out that my mother had never graduated from college and that my father had never graduated from high school. She refused to sign the final adoption papers. She only relented a few months later when my parents promised that I would someday go to college.

And 17 years later I did go to college. But I naively chose a college that was almost as expensive as Stanford, and all of my working-class parents' savings were being spent on my college tuition. After six months, I couldn't see the value in it. I had no idea what I wanted to do with my life and no idea how college was going to help me figure it out. And here I was spending all of the money my parents had saved their entire life. So I decided to drop out and trust that it would all work out OK. It was pretty scary at the time, but looking back it was one of the best decisions I ever made. The minute I dropped out I could stop taking the required classes that didn't interest me, and begin dropping in on the ones that looked interesting. It wasn't all romantic. I didn't have a dorm room, so I slept on the floor in friends' rooms, I returned coke bottles for the 5¢ deposits to buy food with, and I would walk the 7 miles across town every Sunday night to get one good meal a week at the Hare Krishna temple. I loved it. And much of what I stumbled into by following my curiosity and intuition turned out to be priceless later on. Let me give you one example: Reed College at that time offered perhaps the best calligraphy instruction in the country. Throughout the campus every poster, every label on every drawer, was beautifully hand calligraphed. Because I had dropped out and didn't have to take the normal classes, I decided to take a calligraphy class to learn how to do this. I learned about serif and san serif typefaces, about varying the amount of space between different letter combinations, about what makes great typography great. It was beautiful, historical, artistically subtle in a way that science can't capture, and I found it fascinating.None of this had even a hope of any practical application in my life. But ten years later, when we were designing the first Macintosh computer, it all came back to me. And we designed it all into the Mac. It was the first computer with beautiful typography. If I had never dropped in on that single course in college, the Mac would have never had multiple typefaces or proportionally spaced fonts. And since Windows just copied the Mac, it's likely that no personal computer would have them. If I had never dropped out, I would have never dropped in on this calligraphy class, and personal computers might not have the wonderful typography that they do. Of course it was impossible to connect the dots looking forward when I was in college. But it was very, very clear looking backwards ten years later.Again, you can't connect the dots looking

forward; you can only connect them looking backwards.So you have to trust that the dots will somehow connect in your future. You have to trust in something — your gut, destiny, life, karma, whatever. This approach has never let me down, and it has made all the difference in my life.

**My second story is about love and loss.**

I was lucky — I found what I loved to do early in life. Woz and I started Apple in my parents' garage when I was 20. We worked hard, and in 10 years Apple had grown from just the two of us in a garage into a $2 billion company with over 4000 employees. We had just released our finest creation — the Macintosh — a year earlier, and I had just turned 30. And then I got fired. How can you get fired from a company you started? Well, as Apple grew we hired someone who I thought was very talented to run the company with me, and for the first year or so things went well. But then our visions of the future began to diverge and eventually we had a falling out. When we did, our Board of Directors sided with him. So at 30 I was out. And very publicly out. What had been the focus of my entire adult life was gone, and it was devastating.

I really didn't know what to do for a few months. I felt that I had let the previous generation of entrepreneurs down - that I had dropped the baton as it was being passed to me. I met with David Packard and Bob Noyce and tried to apologize for screwing up so badly. I was a very public failure, and I even thought about running away from the valley. But something slowly began to dawn on me — I still loved what I did. The turn of events at Apple had not changed that one bit. I had been rejected, but I was still in love. And so I decided to start over. I didn't see it then, but it turned out that getting fired from Apple was the best thing that could have ever happened to me. The heaviness of being successful was replaced by the lightness of being a beginner again, less sure about everything. It freed me to enter one of the most creative periods of my life. During the next five years, I started a company named NeXT, another company named Pixar, and fell in love with an amazing woman who would become my wife. Pixar went on to create the worlds first computer animated feature film, Toy Story, and is now the most successful animation studio in the world. In a remarkable turn of events, Apple bought NeXT, I returned to Apple, and the technology we developed at NeXT is at the heart of Apple's current renaissance. And Laurene and I have a wonderful family together. I'm pretty sure none of this would have happened if I hadn't been fired from Apple. It was an awful tasting medicine, but I guess the patient needed it. Sometimes life hits you in the head with a brick. Don't lose faith. I'm convinced that the only thing that kept me going was that I loved what I did. You've got to find what you love. And that is as true for your work as it is for your lovers. Your work is going to fill a large part of your life, and the only way to be truly satisfied is to do what you believe is great work. And the only way to do great work is to love what you do. If you haven't found it yet, keep looking. Don't settle. As with all matters of the heart, you'll know when you find it. And, like any great relationship, it just gets better and better as the years roll on. So keep looking until you find it. Don't settle.

*to be continued...*



**Q. दही, जो सूक्ष्म जीवाणु के उत्पन्न होने से बनता है, क्या यह खाने योग्य है? क्या चौके में प्रयुक्त दही में जीवाणु उत्पन्न नहीं होते हैं ?**

सीमा जैन, शिवपुरी, मध्यप्रदेश

**A.** दही के सेवन को लेकर वर्तमान में अनेक शंकायें युवाओं और आम आदमी के बीच मौजूद हैं। कुछ लोगों के अनुसार यह खाने योग्य है जबकि दूसरा वर्ग कहता है कि चूँकि दूध से दही का निर्माण सूक्ष्म जीवों के द्वारा होता है तब वह खाने योग्य कैसे हो सकता है ? विज्ञान के अनुसार दही का निर्माण दूध के किण्वन (फर्मन्टेशन) से होता है। इस प्रक्रिया में कुछ अतिसूक्ष्म जीवों जिन्हें जीवाणु (बैक्टीरिया) कहते हैं, की उपस्थिति आवश्यक होती है। वैज्ञानिकों ने इन जीवाणुओं को वनस्पतिकाय के जीवों के समकक्ष माना है एवं उन्हीं के समकक्ष वर्गीकृत भी किया है। अत: यह स्पष्ट है कि यह सूक्ष्म जीव वनस्पतिकायिक जीवों के समान एकेन्द्रिय हैं। इनमें RBC और WBC नहीं होते, जो कि त्रस जीवों (हाइसेंस आर्गेनिज्म) में पाए जाते हैं। यह बैक्टीरिया एक कोशकीय होते हैं एवं अपने भोजन के लिए दूध में उपस्थित शर्कराओं को ग्रहण करते हैं। यह शर्करा दूध में लेक्टोज़ के रूप में उपस्थित होती है। इसी लेक्टोज़ को इन बैक्टीरिया में उपस्थित कुछ रसायन (एन्जाइम्स) लेक्टिक एसिड में परिवर्तित कर देते हैं। इस अम्ल की वजह से दही में खट्टापन आ जाता है। दूध में उपस्थित प्रोटीन एवं वसा तत्व (केसीन) एक जैली जैसे पदार्थ में परिवर्तित होकर अवक्षेपित हो जाते हैं। यही दही (Yoghurt) कहलाता है। दही जमाने वाले यह बैक्टीरिया प्रमुख रूप से लेक्टोवेसिलस एवं स्ट्रेप्टोकोकस की प्रजातियाँ होती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार उक्त बैक्टीरिया ऐसे मनुष्यों के लिए लाभदायक हैं जिनमें लेक्टोज शर्करा को लेक्टिक अम्ल में परिवर्तित करने वाले एन्जाइम्स की कमी होती है अर्थात् दूध को पचाने की क्षमता नहीं होती है। दही के सेवन से दूध को पचाने वाले अवयवों की कमी की पूर्ति हो जाती है।



जैन आहार विधि के अनुसार दुहने के उपरांत दूध को 48 मिनिट से पहिले छानकर गर्म कर लेना आवश्यक है। वैज्ञानिक भाषा से इसे "पाश्चरीकरण" (pasteurization) कहते हैं। इस प्रक्रिया से दूध जीवाणुओं के संचार से रहित हो जाता है। गर्म किये गये दूध से दही बनाने के लिए जैन-श्रावक कई निर्दोष विधियों को अपनाते हैं। जैसे कि पूर्व में जमाये गये निर्दोष-दही में नारियल की नरेटी (ऊपरी कड़ा छिलका) अथवा चाँदी का सिक्का अथवा संगमरमर का टुकड़ा डालकर सुखा लिया जाता है फिर इसे धोकर रख लिया जाता है, जब भी दही जमाना होता है तब उनमें से किसी भी एक वस्तु को दूध में डाल दिया जाता है। इन वस्तुओं का प्रयोग बार-बार भी कर सकते हैं। वास्तव में इस प्रक्रिया में दही जमाने वाले बैक्टीरिया स्पोर या सिस्ट जो निष्क्रिय और निर्जीव अवस्था में इन वस्तुओं की खुरदरी सतह पर चिपके रहते हैं और दूध के संपर्क में आने पर पुन: क्रियाशील हो जाते हैं। जैन श्रावक इस दही का उपयोग केवल 24 घण्टे के लिए ही कर सकते हैं (यदि दही को उचित तापक्रम में रखा जावे) क्योंकि इसके पश्चात् दही में अन्य बैक्टीरिया एवं त्रस जीवों की उत्पत्ति होने लगती है एवं लेक्टिक अम्ल भी एलकोहल एवं अन्य पदार्थों में परिवर्तित होने लगता है, जो दोषयुक्त है। अत: जैन आहार विधि द्वारा बनाये गये एवं मर्यादित दही के सेवन में दोष प्रतीत नहीं होता है।

**Q. What is the message of Digambar Jain philosophy to young Jains all over the world?**

**A.** Nudity of a Digamber Jain monk is transparency personified, which teaches the younger ones to be transparent and honest in every aspect of their lives. Transparency means to lead a simple, easy and compassionate life. Nudity tells us to lead a passionless life like a newly born baby. To lead a passionless life means to have control on passions and to attain purity of heart. In the present time, it is necessary to have control on the increasing passionate feelings, violence and improper conduct. Nudity symbolises keeping equanimity under all circumstances, whether favourable or adverse by becoming self-reliant. Nudity of a Digamber Jain monk teaches the youth to enhance their eternal powers and to endure with equanimity all the physical sufferings. As a matter of fact, Digamber Jain Philosophy is the ultimate stage of development of possession-less-ness. A Digamber Jain monk leaves every thing for others after meeting barest necessities of his body.His conduct is the best example of giving most to others while taking the minimum.

*आपकी भी कोई शंका या प्रश्न हो तो हमें लिख भेजें। मुनिश्री द्वारा इसका उत्तर दिया जाएगा। पता - मैत्री समूह, पोस्ट बॉक्स नम्बर 15, विदिशा (मध्यप्रदेश) पिनकोड - 464 001*

# श्रुत पंचमी

**श्रुत पंचमी – 6 जून**




जैन धर्म में आगम को भगवान महावीर की द्वादशांगवाणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसे भगवान महावीर के बाद से चली आ रही है आचार्य परंपरा के द्वारा जीवित रखा गया। भगवान महावीर की उत्तरावृत्ति आचार्य परम्परा में लगभग दो हजार वर्ष पूर्व अग्रणी धरसेनाचार्य का नाम आता है। उन्होनें आचार्य भूतबलि और आचार्य पुष्पदन्त को अपना शिष्य बनाकर उन्हें सैद्धान्तिक देशना दी । आचार्य भूतबलि और आचार्य पुष्पदन्त ने धरसेनाचार्य की सैद्धान्ति देशना को षटखण्डागम नामक महान जैन परमागम के रूप में रचकर, ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी के दिन प्रस्तुत किया, जिसे कि हम श्रुत पंचमी के रूप में मनाते हैं।

इस दिन प्राचीन मूल शास्त्रों को शास्त्र भण्डार से बाहर निकाल कर भगवान की वेदी के समीप विराजमान करके उनकी पूजा की जाती है। सुरक्षा की दृष्टि से शास्त्रों को बांधने वाले वस्त्र आदि को बदलकर इन्हें नए वस्त्रों में सुरक्षित किया जाता है। साथ ही अप्रकाशित दुर्लभ ग्रन्थ प्रकाशित करने की योजनाएं बनाई जाती हैं। गृहस्थ लोग शास्त्रों की सुरक्षा के लिए व शास्त्रों के प्रकाशन हेतु यथाशक्ति दान करते हैं।

संकलन– योगेन्द्र जैन, हैदराबाद

## किताबें करती हैं बातें

किताबें करती हैं बातें
बीते जमानों की
आज की, कल की
एक-एक पल की
खुशियों की, गमों की
फूलों की, बमों की
जीत की, हार की
प्यार की, मार की !


क्या तुम नहीं सुनोगे
इन किताबों की बातें?
किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हारे पास रहना चाहती हैं।

किताबों में चिड़ियाँ चहचहाती हैं
किताबों में खेतियाँ लहलहाती हैं
किताबों में झरने गुनगुनाते हैं
परियों के किस्से सुनाते हैं।

किताबों में रॉकेट का राज है
किताबों में साईंस की आवाज है
किताबों का कितना बड़ा संसार है
किताबों में ज्ञान की भरमार है।

क्या तुम इस संसार में
नहीं जाना चाहोगे?
किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हारे पास रहना चाहती हैं।

–सफदर हाशिमी



# महावीर का बुनियादी चिंतन

**– महावीर जयंती पर विशेष**



महावीर की तपस्या ने उनके सामने यह बुनियादी सत्य प्रकट किया कि पदार्थ/वस्तु/द्रव्य या सत् महान है। इसलिए वह चाहे जीव हो या अजीव उसके साथ सम्मान से पेश आना चाहिए। इस अद्‌भुत अनुभव की असाधारणता एक इसी बात से समझी जा सकती है कि इसे समझने के लिए विज्ञान को लगभग ढाई हजार साल और लगे। बीसवीं सदी में आइंस्टीन के माध्यम से ही वह इसे समझ सका। इसे समझने के लिए राजनीतिशास्त्र को लगभग सवा दो हजार साल तक इंतजार करना पड़ा। फ्रांसीसी क्रांति के वक्त ही वह इसे समझ पाया। फिर भी आइंस्टीन ने मूलतः जड़ पदार्थों के संदर्भ में और फ्रांसीसी क्रांति ने सिर्फ मानवीय संदर्भों में ही इसे समझा। महावीर ने इसका सम्पूर्ण जड़ चेतन के संदर्भ में आत्मसाक्षात्कार किया। उन्होंने मानवाधिकार अथवा प्राणियों के अधिकारों की ही नहीं समस्त जड़चेतन के अधिकारों की चिंता की।
महावीर का विश्वास अनेकान्तवाद में है। आत्माएँ, अनंत और स्वतंत्र हैं। आत्मा चींटी की हो या हाथी की समान होती है। जिस तरह प्रकाश कमरे की अनुरूपता में संकुचित-विस्तृत हो लेता है उसी तरह आत्मा शरीर परिमाण में समायी रहती है। इसलिए आत्माओं में अंतर, परिमाण का हो सकता है, प्रमाण (तत्व) का नहीं। आत्मा का पुद्‌गल (शरीर) से संयोग होना जीवन है। पर यही संयोग आत्मा का कर्मबंध जारी रहने का सबूत भी है। कर्मबंध से मुक्त हुई आत्मा जन्म-मरण से मुक्त हो जाती है। वह आनंद, शक्ति और चेतना का चरम विकास होता है। यह उसका मोक्ष है। यही निर्वाण है।

महावीर भाग्यवादी नहीं है। वे आत्मा के बाहर किसी ईश्वरीय सत्ता में भी यक़ीन नहीं करते। वे यह तो मानते हैं कि वस्तु अपने परिणामी स्वभाव के अनुसार खुद-ब-खुद परिवर्तित हो जाती है, किन्तु इस प्रक्रिया में वे दूसरों की निमित्त की भूमिका को और वस्तु के खुद के प्रयत्नों को निष्क्रिय नहीं मानते। अपना उपादान स्वयं होने के कारण वस्तु की लगाम खुद उसके हाथ में है। बंधन और मोक्ष खुद उसी के भीतर है। वह उनमें से किसी को भी चुन सकती है।

महावीर हर क़िस्म के भेदभाव, आडंबर और कर्मकांड का विरोध करते हैं। उनकी कोशिश है कि मनुष्य जरूरी और ग़ैरजरूरी में फर्क करना सीखे। लेकिन आज समूची दुनिया ग़ैरज़रूरी के जाल में फँसी हुई है। कभी आवश्यकता आविष्कार की जननी मानी जाती थी। आज स्थिति उलट है। आविष्कार पहले होता है। फिर प्रचार और विज्ञापनतंत्र के द्वारा बाज़ारवाद उसकी आवश्यकता को पैदा करता है। बच्चे के समुचित विकास के लिए माँ के दूध की अपेक्षा बोतल के दूध का क़ायल कर देने वाला कमाल इसी प्रक्रिया के तहत हुआ था। बढ़ी हुई इच्छाएँ, शंकाएँ और आवश्यकताएँ हमें चैन नहीं लेने देतीं। प्रतिष्ठा के प्रश्नों और प्रतिस्पर्धाओं ने हमें सब ओर से जकड़ लिया है। हम वर्ण, जाति, वर्ग, इमेज मैनेजमेंट और नवसामंतवाद की गिरफ़्त में हैं। सुविधाओं में सुख तलाश रहे हैं। स्वयं को खो रहे हैं। एक-दूसरे के प्रति आदर की बात तो दूर रही, एक-दूसरे को सहने के लिए भी तैयार नहीं हैं।

महावीर ने सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र के संयोग पर बल दिया है। अकेला ज्ञान मुखौटा है तो अकेला आचरण भी मुखौटा है और मुखौटा सदैव दुःख का कारण बनता है। मनुष्य का सबसे बड़ा दुःख ही यह है कि वह हर वक़्त एक मुखौटे में रहता है। जो वह है नहीं, वह दिखना चाहता है। उसे हर वक़्त यह तनाव रहता है कि कहीं वह अपने असली चेहरे में न दिख जाए। सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र के बिना मुखौटों से छुटकारा पाना संभव नहीं है। व्यक्ति सत्ता पर महावीर का अटूट विश्वास है। इसलिए सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र से संपन्न व्यक्ति को महावीर कोई निर्देश नहीं देना चाहते। उनकी दृष्टि में वह तो खुद उनके बराबर है। सच्चा लोकतंत्र सबसे निचले पायदान पर खड़े अपने सदस्य मनुष्य को सबसे ऊँचे पायदान पर पहुँचने की छूट देता है। महावीर के विराट लोकतंत्रात्मक चिंतन में यह छूट जीव मात्र को है। कोई भी प्राणी महावीर बन सकता है।

– जयकुमार जलज, रतलाम

("भगवान महावीर का बुनियादी चिंतन" से साभार)

# Environment and consumerism

**Earth provides enough to satisfy every man's need, but not every man's greed.**
***-Mahatma Gandhi***

ENVIRONMENT DAY
5TH JUNE



Consumption is the focus today. Businesses are striving to boost consumption by the consumers. Economies are relying more and more on increased consumerism and thereby increasing the tax revenues. This focus has further propelled the lifestyle which is very much rooted in luxury and uncontrolled consumption. Growth of China, India and other Asian countries has led to the emergence of a billion plus population that is growing affluent and is demanding the luxuries that its western counterpart has enjoyed in the last century. The growing middle class wants better food, better houses and lots of energy to have the same standard of living as their western peers. This trend is leading towards many problems. The threat of climate change is immense which causes erratic weather regimes, increase in the temperature, melting of ice caps and increase in the sea levels leading to dangers for many coastal areas around the world. Then, there is the growing inequality. Due to the internet and rapid spread of technology, people are aware of the happenings around them, and can see the growing disparity wherein more and more of the world's resources are consumed by few. Inequality has led to social unrest in Northern African countries of Egypt, Tunisia, and Libya etc.

The increase in energy and commodity consumption is putting pressure on the supply side, causing commodity prices to rise across the globe. Moreover many of us today live a life which is very distant from nature. This style of living has obviously put a pressure on the eco system and natural resources are being consumed at an unsustainable rate. This exploitation forces the nature to restore its equilibrium. Nature has its own way of settling the score with humans and it warns us every now and then, be it in the form of Tsunamis, earthquakes, floods, droughts etc. A recent article in New York Times about whaling industry in Ayukawahama (a town in Japan) has reignited this debate. The article by Martin Fackler said , "Japan's tsunami seems to have succeeded - where years of boycotts, protests and high-seas chases by Western environmentalists had failed - in knocking out a pillar of the nation's whaling industry." Although it might be difficult to establish a root cause of Tsunami in the exploitation of natural resources, there is a growing consensus that climate has become more erratic in various parts of the world and, of late, there have been many more incidences of natural calamities.

The recent earthquake and Tsunami in Japan once again raises this question as to how we as the human race should conduct ourselves. Some of the responses being pursued by governments and societies are increased importance being given to natural resources (like solar power, wind energy), spread of technology (which has also enabled a level playing field for people from any corner of the globe) etc. The direction in which we will move will be determined by the kind of resources that we consume and how this consumption is allocated across the various strata of the society. But one thing is sure. If we continue with rampant consumerism and materialism, we will continue to see the nature taking steps to bring the balance back. If we become more careful of how we consume, we might be heading the right way.

-Aviral Jain, Nagpur




SAVE WATER

# अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया – 6 मई

अक्षय तृतीया पर्व प्रति वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। "अक्षय" शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है वह जिसका नाश न हो। अक्षय तृतीया पर किये गए दान को विशेष महत्व दिया जाता है। इसका महत्व इसीलिए है कि इसी दिन राजा श्रेयांस ने तीर्थंकर भगवान आदिनाथ को इक्षु (गन्ने) के रस का आहार देकर दान तीर्थ का प्रवर्तन किया था। अक्षय तृतीया की कहानी इस प्रकार है–

तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव अयोध्या के राजा थे। वैराग्य होने पर उन्होंने अपना राज त्याग कर दिया तथा सभी संसारी सुखों का त्याग करके जैन मुनि दीक्षा धारण कर ली। जैनेश्वरी दीक्षा के अनुसार उन्होंने सभी प्रकार के परिग्रहों का त्याग कर दिया था। छः मास की तपस्या पूरी करने के पश्चात उन्होंने आहार करने के लिए अयोध्या की ओर गमन किया। भगवान ऋषभदेव इस युग के प्रथम जैन मुनि थे और उस समय लोगों को मुनियों की आहार चर्या के बारे में कोई ज्ञान नहीं था। अयोध्यावासी अपने राजा को नगर की ओर आते हुए देख कर अत्यंत प्रसन्न हुए और उनका सम्मान करने के लिए स्वर्ण आभूषण, रत्न, अश्व, हाथी, वस्त्र आदि भेंट देने लगे। कुछ लोग तो अपनी पुत्रियाँ भी उन्हें भेंट करने आगे आये, परन्तु किसी को यह आभास नहीं था कि मुनिवर आहार चर्या के लिए नगर में आये हैं, चूंकि जैन मुनि स्वयं मांग कर आहार नहीं लेते, मुनि ऋषभदेव भी विधि के अभाव में छः मास तक आहार लिए बिना ही नगर नगर विहार करते रहे। अंत में वे हस्तिनापुर नगरी पहुंचे जहाँ राजा श्रेयांस राज्य करते थे। श्रेयांस कुमार ने मुनि ऋषभदेव की नवधा भक्ति से पड़गाहन किया और उन्हें इक्षु (गन्ने) के रस का आहार देकर भारी पुण्य का अर्जन किया। यह घटना अक्षय तृतीया के दिन हुई थी। इसीलिए आज भी अक्षय तृतीया पर दिए गए धर्म सम्मत दान को अक्षय पुण्य देने वाला मन जाता है।





चित्र – तीसरा कदम, सुरभि सेठी

# डाकू का विश्वास

एक डाकू था जो साधू के भेष में रहता था। वह लूट का धन गरीबों में बाँटता था। एक दिन कुछ व्यापारियों का जुलूस उस डाकू के ठिकाने से गुज़र रहा था। सभी व्यापारियों को डाकू ने घेर लिया। डाकू की नज़रों से बचाकर एक व्यापारी रुपयों की थैली लेकर नज़दीकी तंबू में घूस गया। वहाँ उसने एक साधू को माला जपते देखा। व्यापारी ने वह थैली उस साधू को संभालने के लिए दे दी। साधू ने कहा कि तुम निश्चिंत हो जाओ।

डाकुओं के जाने के बाद व्यापारी अपनी थैली लेने वापस तंबू में आया। उसके आश्चर्य का पार न था। वह साधू तो डाकुओं की टोली का सरदार था। लूट के रुपयों को वह दूसरे डाकुओं को बाँट रहा था। व्यापारी वहाँ से निराश होकर वापस जाने लगा मगर उस साधू ने व्यापारी को देख लिया। उसने कहा, "रूको, तुमने जो रुपयों की थैली रखी थी वह ज्यों की त्यों ही है।" अपने रुपयों को सलामत देखकर व्यापारी खुश हो गया। डाकू का आभार मानकर वह बाहर निकल गया। उसके जाने के बाद वहाँ बैठे अन्य डाकुओं ने सरदार से पूछा कि हाथ में आये धन को इस प्रकार क्यों जाने दिया। सरदार ने कहा, "व्यापारी मुझे भगवान का भक्त जानकर भरोसे के साथ थैली दे गया था। उसी कर्त्तव्यभाव से मैंने उन्हें थैली वापस दे दी।" किसी के विश्वास को तोड़ने से सच्चाई और ईमानदारी हमेशा के लिए शक के घेरे में आ जाती है।

## त्याग की भावना



ठंड के दिन थे। दिन ढलने से पहले आचार्य महाराज संघ-सहित पहुँचे। रात्रि-विश्राम के लिए मन्दिर के ऊपर एक कमरे में सारा संघ ठहरा । कमरे का छप्पर लगभग टूटा था। खिड़कियां भी खूब थीं और दरवाजा काँच के अभाव से खुला न खुला बराबर ही था। जैसे-जैसे रात अधिक हुई, ठंड भी बढ़ गई। सभी साधुओं के पास मात्र एक-एक चटाई थी। घास किसी ने ली नहीं थी। सारी रात बैठे-बैठे ही गुजर गई। सुबह हुई, आचार्य वंदना के बाद आचार्य महाराज ने मुस्कराते हुए पूछा कि रात में ठंड ज्यादा थी, मन में क्या विचार आए! बताओ? हम सोच में पड़ गए कि क्या कहें, पर साहस करके तत्काल कहा कि महाराज जी ठंड बहुत थी, मन में विचार आ रहा था कि एक चटाई और होती तो ठीक रहता। इतना सुनते ही उने चेहरे पर हर्ष छा गया। बोले देखो, त्याग का यही महत्व है। तुम सभी के मन में शीत से बचने के लिए त्यागी हुई वस्तुओं को ग्रहण करने का विचार भी नहीं आया। मुझे तुम सबसे यही आशा थी । हमेशा त्याग के प्रति सजग रहना। त्यागी गई वस्तु के ग्रहण का भाव मन में न आए, यह सावधानी रखना।" उनका यह उद्‌बोधन हमें जीवन भर संभालता रहेगा।।

**बंडा, 1982**

## MIRROR HOLDER

Whenever I cried
my mother held up
a mirror and said,
'Look, this is how you look
when you weep.'

I laughed then,
imagining my
weepy face without even
glancing the mirror.

Mother too cried once
when her mother died.
After that my mother
did not laugh as she used to
till she died .
Perhaps there was no one
to hand a mirror to mother

Perhaps we lose
one by one, those who
show us our face
by holding up a mirror.

- Translated by Sunita Jain

## शीशा देने वाला

जब भी मैं
रोया करता
माँ कहती -
यह लो शीशा,
देखो इसमें
कैसी तो लगती है
रोनी सूरत अपनी,
अनदेखे ही शीशा
मैं सोच-सोचकर
अपनी रोनी सूरत
हँसने लगता।

एक बार रोई थी माँ भी
नानी के मरने पर
फिर मरते दम तक
माँ को मैंने खुलकर हँसते
कभी नहीं देखा।
माँ के जीवन में शायद
शीशा देने वाला
अब काई नहीं था।

सबके जीवन में ऐसे ही
खो जाता होगा
कोई शीशा देने वाला।

-मुनि क्षमासाागर

मुक्ति से साभार

# सुख-चैन का आधार होता है परिवार

पटना की पाटलिपुत्र कॉलोनी के एक पार्क में रोज सुबह मैं एक सज्जन को अपने नन्हें से बालक पर दुलार लुटाते हुए देखता था, जो वहां लगातार अपनी साइकिल दौड़ाता रहता और जिसकी घर जाने की तनिक भी मंशा नहीं होती थी। जब भी वह सज्जन अपने बेटे से घर चलने के लिए कहते, वह बालक बड़ी मासूमियत से कहता, 'बस पांच मिनट और डैड'। उस पिता को भी वहां रुके रहने में खुशी होती और वह बच्चे की अठखेलियों से मिल रहे हर पल का आनंद उठाते। मैंने रोज, तकरीबन एक महीने तक इसे देखा। तब तक मेरा उनसे परिचय भी हो गया।

वह गोयनका स्टील फैक्टरी लिमिटेड के चेयरमैन ऋषभ गोयनका थे, जिनकी बिहार और उत्तरप्रदेश में कई फैक्टरियां चलती हैं। मैंने उनसे कहा, 'लगता है आपको अपने बेटे के साथ वक्त बिताना अच्छा लगता है।' उनका जवाब था, 'आपने बिल्कुल ठीक कहा। अब मेरे पास परिवार के नाम पर यह रौनक (जिसकी उम्र तीन साल है) ही है। एक साल पहले मैंने अपनी पत्नी और बेटी को खो दिया और तबसे मैं इसमें ही अपनी खुशियां तलाशता हूं।'

बिजनेसमेन गोयनका की प्राथमिकता सूची में परिवार हमेशा आखिर में ही रहा। सात वर्षीय रोहिणी और दो वर्ष का रौनक अपने पापा के दुलार के लिए ललकते रहते। दीपिका भी अपने पति के प्यार के लिए तरसती रही। लेकिन गोयनका के पास समय कहां था ! पैसे की चकाचौंध ने उन्हें अंधा कर रखा था। तभी यह दुर्घटना घट गई। उस वक्त गोयनका विदेश दौरे पर थे। दीपिका अपने दोनों बच्चों के साथ गया जा रही थी कि रास्ते में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दीपिका और रोहिणी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रौनक बच जरूर गया, लेकिन उसे इस दुर्घटना में अपना पैर गंवाना पड़ा। आज वह नकली पैर के सहारे चलता है। आज रौनक के साथ बिताया गया हर अतिरिक्त पल गोयनका को एक जिंदगी जीने के समान लगता है।

अमेरिकी बिजनेसमैन 'ली लोकासा' ने एक बार चेताते हुए कहा था कि इस भौतिकवादी दुनिया में परिवार का महत्त्व घटता जा रहा है। कई बार हमें इसकी महत्ता बहुत देर से समझ में आती है। गोयनका इसकी जीती-जागती मिसाल हैं कि हम किस तरह जीवन की आपाधापी और ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में अपने परिवार को नजरअंदाज करते हैं। मशहूर लेखक थॉमस हार्डी के शब्दों में कहें तो आप नहीं जानते कि कब ऊपरवाला जीवन के साथ आपका खेल खत्म कर दे। ऐसे में हमें अपने परिवार के लिए भी समय निकालना चाहिए जो हमारी खुशियों का आधार है।

मैं ऐसे कई लोगों को जानता हूं जो कारोबारी सफलता की होड़ में इतना उलझ गए कि अपने परिवार को समुचित प्यार और तवज्जो नहीं दे पाए। इसका नतीजा यह होता है कि एक समय के बाद बच्चे बड़े होकर अपने अलग दोस्त बना लेते हैं और उन्हें अपने माता-पिता की ज्यादा परवाह नहीं होती। बाद में बुजुर्ग होने पर हम शिकायत करते है कि बच्चे हमारा ख्याल नहीं रखते। बताइए किसे दोष दिया जाए? बच्चों को कभी इसके लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

**एन. रघुराजन.**
**दैनिक भास्कर से साभार**

"Think BIG! Riches! Power!
Pretend you could have ANYthing!"




Courtsey-©Universal Press Syndicate

## प्रणाम करने को जी चाहता

सड़क के किनारे फुटपाथ पर एक महिला पड़ी थी। वो भी एक आला अफसर के बंगले के सामने। न जाने वहां से गुजरती मेरी भांजी को क्या सूझा और पहुँच गयी पुलिस स्टेशन और ऐसे ही कई दतर; पर निराशा ही हाथ लगी। हार कर उसने मुझे फोन लगाया। मैंने वहां पहुँच कर देखा की 35-40 साल की महिला शायद दिमाग से कमजोर है। उसके शरीर से बदबू आ रही है। ढेरों कपड़े पहने बालों में लटें पड़ी हैं, बेहोश थी।
ड्राईवर की सहायता से उठाया तो भयानक बदबू आई। ड्राईवर ने वहीं उलटी कर दी। उसे लेकर नर्सिंग होम पहुँचाया। वहां के केयर टेकर को एक घंटा लगा उसके कपड़े काटने में, बालों में आधी इंची मैल जमा था। हाथों में लोहे का एक कड़ा फंसा था जिससे घाव बन रहा था; लगा हाथ काटना होगा। केयर टेकर की मेहनत रंग लायी। महिला को पहचाना जा सके ऐसी हालत में आ गयी। उसका इलाज़ शुरू कराया गया । उससे लगातार बात की; बातों से पता लगा वह रीवा की है। कुछ अखबारों से मदद मांगी, उन्होंने रीवा में यह खबर छापी और सातवें दिन उस महिला का पति उसे ढूंढते हुऐ वहां आ पहुंचा। सुखद थे वो पल। महिला बोल पड़ी 'मेरो दूल्हा'। उसके पति ने बताया कि उसके इलाज के लिए मैं उसे छल माह पहले मानसिक अस्पताल लाया था। डॉक्टर की कही दवा लाने मैं गया उतने में मेरी पत्नी कहीं चली गयी । मैंने इसे एक माह तक ढूँढा पर वो नहीं मिली। आज वो महिला अपने दो बच्चों और पति के साथ है। अपनी भांजी और केयर टेकर को प्रणाम करने को जी चाहता है।

सुरेश सिंह तोमर, ग्वालियर

---

मैंने चर्पिंग स्पेरो का अंक पढ़ा। पत्रिका में सरल शब्दों का चयन करके, साधारण बात को भी बहुत रुचिकर बना कर प्रस्तुत किया जाता है। पत्रिका साधारण व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी बहुत ऊँचा उठा देती है। आप सभी को बहुत-बहुत बधाई।

-योगेश जैन, हिसार

## God

God is Every Where
If we see the world in favour
God is Almighty
If we recognize his power thoroughly
God is Beautiful
If we see him joyfully
God is in Nature
If we see Him in every creature
God is in Cosmos
If we feel Him in moss
God is in Heaven
There we should reach after salvation
God is in every Soul
Only he is our last Goal!
Only he is our last Goal!

-Mrs C.S.Shah, Nasik

---

Hello Sir,
I have been awardee of YJA since last 7 years. I like the magazine Chirping Sparrow a lot. It is appreciated by my family members also. It is a small packet with lots of information that help us update about religion in recent world. The Q&A section is also very interseting. Until recently, I was receiving the magazine regularly but since last 2-3 months, I have not received the magazine. May be there is problem with my address. I request you to sort out the issue soon and keep sending this useful magazine regularly at my home.

-Shivani jain, Ramgarh, (Alwar)

## YOUNG JAINA ACHIEVERS 2011

Maitree Samooh is proud to launch the Young Jaina Achievers 2011 - An initiative to recognize Young Jain talent in fields such as Education, Culture, Arts, Sports, Literature, Civil Services, Competitive Exams and Social Initiatives. In continuation our efforts to recognize the young talent, promote high education and inculcate Indian values we have decided to dedicate the forthcoming Oct- Dec 2011 issue of 'Chirping Sparrow' for this. We invite applications for Young Jaina Achievers 2011. Please include achievements of last academic year (2010-11) only.

यंग जैन अचीव्हर्स की पहचान के लिए मैत्री समूह ने Young Achievers 2011 form तैयार किया है।
शिक्षा, संस्कृति, कला, खेल, साहित्य, प्रशासनिक सेवाओं, प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं और सामाजिक बदलाव के क्षेत्र में वर्ष 2010-2011 में विशिष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले इस फॉर्म को अवश्य भरें। हम अपने आगामी अंक Oct-Dec 2011 में यह जानकारी जरूर छापेंगे।

Please find further details and the link below.
**http://maitreesamooh.blogspot.com/p/young-jaina-achievers.html**
For any query feel free to contact us at: **Phone No: +91 9425424984, +91 9827440301**
Email: **samooh.maitree@gmail.com , maitreesamooh@hotmail.com**
Address: **Maitree Samooh, Post bag No. 15 Vidisha, Madhya Pradesh, PIN - 464002**

# एक रात मैंने सपना देखा।



मैं समुद्र के किनारे भगवान के साथ चल रहा हूँ और आसमान में मुझे अपनी बीती ज़िन्दगी के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। हर दृश्य में मुझे दो जोड़ी पाँव के निशान रेत में नज़र आए। एक मेरा और एक भगवान का। जब मेरी ज़िन्दगी का आखिरी दृश्य मेरे सामने आया तो मैंने पीछे मुड़ कर देखा कि कई बार मेरी ज़िन्दगी के मार्ग पर केवल एक जोड़ी पाँव के निशान ही थे। मुझे यह भी अहसास हुआ कि यह मेरी ज़िन्दगी के सबसे कठिन और कमज़ोर क्षणों में हुआ था।

इस बात ने मुझे विचलित कर दिया और मैंने भगवान से इस विषय में प्रश्न किया, "हे भगवन, आपने तो कहा था कि एक बार यदि मैं आपके बताये मार्ग पर चलने की ठान लूँ, तो आप पूरे रास्ते मेरा साथ देंगे, किन्तु मैं देख रहा हूँ कि मेरी ज़िन्दगी के सबसे कठिन क्षणों में केवल एक जोड़ी पाँव के निशान ही हैं। मुझे यह समझ नहीं आ रहा कि जब मुझे आपकी सबसे अधिक आवश्यकता थी, तभी आपने मुझे अकेला क्यों छोड़ दिया?"

भगवान ने उत्तर दिया "वत्स, मैं तुम्हें बहुत प्यार करता हूँ। परीक्षा और कष्ट के पलों में, तुम्हें कभी भी अकेला नहीं छोड़ सकता। जब भी तुमने एक जोड़ी पाँव के निशान देखे, यह वही समय था जब मैं तुम्हें उठा कर चल रहा था।"

BOOK-POST

Chirping Sparrow
Year - 8, Issue - II, Oct. 2010 - Mar. 2011
A Newsletter of Maitree Jankalyan Samiti

From
**MAITREE SAMOOH**
Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : maitreesamooh@hotmail.com,
samooh.maitree@gmail.com
Website : www.maitreesamooh.com
Mob.: 94254-24984

To, ____________________

____________________

____________________